राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ–226027
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक–829/241/NULM/तीन/2001(NUHM) दिनांक– 21/05/2018

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
आगरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, कानपुर नगर, झांसी, इलाहाबाद, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, सहारनपुर, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर एवं गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।

विषय : DAY-NULM के अन्तर्गत Urban Health Kiosk हेतु स्थान उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र सं0– सं0–418/241/NULM/तीन/2001 दिनांक 06.07.2017 एवं पत्र स0– सं0–459/241/NULM/तीन/2001 दिनांक 08.08.2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्रों के माध्यम से DAY-NULM, SBM एवं NUHM के अन्तर्गत आपसी समन्वयन (Convergence) के माध्यम से शहरी गरीबों को वृद्ध रूप से लाभन्वित किये जानें के साथ ही राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत Urban Health Kiosk हेतु डूडा के कम्युनिटी सेन्टर व अन्य भवनों की सूचना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला स्तर के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

उक्त सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 द्वारा अपने पत्र सं0–SPMU/NUHM/Health Kiosk/2018-19/73/1235-2 दिनांक 11.05.2018 द्वारा अवगत कराया गया है कि 10,000 की शहरी जनसंख्या पर 01 ए0एन0एम0 तैनात की गई है, जिसके द्वारा शहरी मलिन बस्तियों में आउटरीच सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आउटरीच सेवाओं हेतु Urban Health Kiosk की स्थापना की जानी है। जहां से ए0एन0एम0 द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए आउटरीच कैम्प भी आयोजित किये जा सकें।

अतः उपरोक्त के आलोक में आपसे पुनः अनुरोध है कि Urban Health Kiosk की स्थापना हेतु डूडा के कम्यूनिटी सेन्टर/अन्य भवनों में निःशुल्क कक्ष की उपलब्धता तथा उक्त सूचना जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एन0यू0एच0एम0 को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उ0प्र0 शासन।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0।
4. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उ0प्र0।
5. महानिदेशक, परिवार कल्याण उ0प्र0।
6. परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, डूडा/शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
7. परियोजना अधिकारी/सी0एम0एम0, डूडा उ0प्र0।
8. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
मिशन निदेशक